सहायक कुल सचिव – 2015 (मुख्य)

No. of Printed Pages : 7

**ARS 03**

**2015**

# वित्तीय नियम व कार्यालय प्रक्रिया

## प्रश्न-पत्र – III

# FINANCIAL RULES AND OFFICIAL PROCEDURE

## Paper – III

*निर्धारित समय : 3 घण्टे ]* *[ पूर्णांक : 300*

*Time Allowed : 3 Hours ]* *[ Maximum Marks : 300*

**नोट :** (i) *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

(ii) *प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके अंत में अंकित हैं।*

(iii) *एक प्रश्न के सभी भागों का उत्तर अनिवार्यत: एक साथ दिया जाय।*

**Note :** (i) *All questions are compulsory.*

(ii) *Marks carried by each question are indicated at its end.*

(iii) *The parts of same question must be answered together.*

**भाग – क / PART – A**

1. (क) महिला सरकारी सेवकों के लिए 'बाल्य देखभाल अवकाश' की अनुमन्यता का विस्तार से वर्णन करें। **10**

(ख) 1 जनवरी एवं 1 जुलाई को अर्जित अवकाश लेखे में अधिकतम कितना अवकाश जमा हो सकता है ? एक सरकारी कर्मचारी के अर्जित अवकाश लेखे में 1 जनवरी, 2015 को 293 दिन जमा है। वह अप्रैल 2015 में सेवानिवृत्त हो रहा है। उस कर्मचारी द्वारा मार्च माह में 15 दिन का अवकाश लिया जाता है। सेवानिवृत्त होने पर उसे कितने दिन का अवकाश नगदीकरण मिलेगा ? **10**

(ग) सरकारी सेवक को अध्ययन अवकाश कितने वर्ष की सेवा के पश्चात् देय होता है ? सम्पूर्ण सेवाकाल में इसकी अधिकतम सीमा कितनी है ? अध्ययन अवकाश की अवधि में वेतन क्या मिलता है ? **7**

(घ) स्थायी सरकारी सेवक को चिकित्सा प्रमाण-पत्र पर सम्पूर्ण सेवाकाल में कितने दिनों का अवकाश देय होता है ? चिकित्सा अवकाश में वेतन क्या मिलता है ? **3**

(ङ) निलम्बन की अवधि में सरकारी सेवक को क्या अवकाश प्रदान किया जा सकता है ? **2**

(a) Explain in detail the admissibility of "Child Care Leave" to female Govt. servants.

(b) What is the maximum number of days of earned leave can be accumulated in the leave account on 1st January and 1st July ?

A government servant has got 293 days of earned leave as balance in his leave account as on 1st January, 2015. He is going to retire in April 2015. He takes leave of 15 days in the month of March. How much leave encashment he will get on retirement ?

(c) After what length of service, a government servant can avail the study leave ? What is its maximum limit in the entire service period ? What amount of pay is admissible during the period of study leave ?

(d) How much leave (in days) on medical certificate is admissible to a permanent government servant during the entire service period ? What amount of pay is admissible during medical leave ?

(e) Can leave be granted to a government servant during the period of suspension ?

2. (क) निम्न को परिभाषित करें : **12**

(i) संवर्ग **2**

(ii) प्रतिकर भत्ता **2**

(iii) कार्यभार ग्रहणकाल **2**

(iv) धारणाधिकार **2**

(v) स्थायी पद **2**

(vi) यात्रा-भत्ता **2**

(ख) एक सरकारी सेवक ₹ 9300-34800 के पे बैण्ड में वेतन ₹ 18,300 तथा ग्रेड पे ₹ 4,600 दिनांक 1-7-2014 से पा रहा है। दिनांक 25-6-2015 को ए.सी.पी. के लाभ के तहत ग्रेड पे ₹ 4,800 हो जाता है। उसका वेतन निर्धारण कितने प्रकार से होगा तथा प्रत्येक निर्धारण में वेतन वृद्धि की दिनांक क्या होगी ? **18**

उपरोक्त उदाहरण में सम्बन्धित सरकारी सेवक की दिनांक 18 अगस्त, 2015 को ग्रेड पे ₹ 4,800 में ही पदोन्नति हो जाती है। इस पदोन्नति के फलस्वरूप उसका वेतन निर्धारण क्या होगा ? **3**

(a) Define the following :

(i) Cadre
(ii) Compensatory allowance
(iii) Joining Time
(iv) Lien
(v) Permanent Post
(vi) Travelling allowance

(b) A government servant is drawing ₹ 18,300 as pay in pay band ₹ 9300-34800 and grade pay ₹ 4,600 w.e.f. 1-7-2014. On 25-6-2015, his grade pay becomes ₹ 4,800 under A.C.P. In how many ways, his pay can be fixed and what will be his date of increment in each case ?

In the above example, the concerned government servant is promoted on 18th August, 2015 in the grade pay ₹ 4,800. How his pay will be fixed on the promotion ?

3. (क) अधिवर्षता पेंशन तथा सेवानैवृत्तिक पेंशन में क्या अंतर है ? **6**

(ख) एक सरकारी सेवक की जन्मतिथि 1 अगस्त, 1955 है। वह सरकारी सेवा में दिनांक 1 अगस्त, 1974 को योगदान देता है। 60 वर्ष की आयु पर वह किस तिथि को सेवानिवृत्त होगा ? पेंशन की गणना हेतु अर्हकारी सेवा कितनी होगी ? **12**

(ग) आगणित पेंशन की धनराशि का कितना प्रतिशत अधिकतम राशिकृत किया जा सकता है तथा वह कितने वर्ष बाद पुन: पुनर्स्थापित हो जाता है ? **4**

(घ) पेंशन स्वीकृत करने के लिए न्यूनतम कितनी अर्हकारी सेवा आवश्यक है। छठे वेतनमान के पश्चात् पूरी पेंशन कितने वर्ष पर अनुमन्य है ? उपादान की गणना किस प्रकार की जाती है, उसका फार्मूला लिखें। **10**

(a) What is the difference between superannuation pension and retiring pension ?

(b) The date of birth of a government servant is 1st August, 1955. He joined the govt. service on 1st August, 1974. On which date, he will retire at the age of Sixty years ? What will be the qualifying service for the calculation of pension ?

(c) What is the maximum amount of pension that can be commuted and after how many years, it is restored ?

(d) Minimum how much qualifying service is required for eligibility of pension. After how much service, full pension is admissible with the implementation of 6th Pay Commission Report. Give the formula for calculation of gratuity.

4. (क) शासकीय कार्यवश की जाने वाली कोई यात्रा जनहित में रद्द कर दी जाती है, तो ऐसी स्थिति में टिकट की वापसी पर काटे जाने वाली निरस्तीकरण प्रभार की प्रतिपूर्ति अनुमन्य है कि नहीं ? यदि अनुमन्य हैं, तो उसका भुगतान किस मानक मद से किया जायेगा ? **6**

(ख) सेवानिवृत्त होने के पश्चात् अपने निवास तक के लिए की गयी यात्रा का बिल अधिकतम किस तारीख तक जमा किया जा सकता है। **4**

(ग) एक सरकारी सेवक द्वारा अपनी यात्रा दिनांक 22-6-15 को पूरी की जाती है तथा उसके द्वारा अपना यात्रा-भत्ता देयक दिनांक 25-6-15 को प्रस्तुत कर दिया जाता है। सेवक की ग्रेड पे ₹ 7,600 है तथा गंतव्य स्थान का दैनिक दर ग्रेड पे के अनुसार ₹ 300 प्रति दिन है। सेवक द्वारा तीन दिन का दैनिक-भत्ता ₹ 900 चार्ज किया जाता है।

इसी सरकारी सेवक की कार्यालय आदेश दिनांक 1-7-15 के द्वारा ए.सी.पी. के लाभ के तहत दिनांक 18-4-15 को उसका ग्रेड पे ₹ 7,600 से बढ़ाकर ₹ 8,700 कर दिया जाता है। गंतव्य स्थान पर ग्रेड पे ₹ 8,700 के अनुसार दैनिक-भत्ता ₹ 400 है। ऐसी स्थिति में पुनरीक्षित यात्रा-भत्ता देयक में कितनी धनराशि की वृद्धि होगी ? **10**

(घ) यात्रा-भत्ता देयक कब प्रस्तुत किया जा सकता है ? यात्रा-भत्ता देयक कालातीत कब हो जाता है ? उदाहरण के साथ बतायें। **12**

(a) A journey planned for official purpose is cancelled in public interest. Is the amount of cancellation charges, deducted on the refund of ticket, reimbursable or not ? If yes, then from which standard object its payment will be made ?

(b) What is the maximum period upto which the T.A. bill can be submitted for a journey performed to the place of residence after retirement ?

(c) A government servant completes its journey on 22-6-15 and T.A. bill for this journey is submitted on 25-6-15. His grade pay is ₹ 7,600 and D.A. on the basis of his grade pay is ₹ 300 per day for the destination place. He charges ₹ 900 as D.A. for 3 days.

His grade pay is increased to ₹ 8,700 from ₹ 7,600 w.e.f. 18-4-15 under the benefit of A.C.P. vide office order dated 1-7-15. The daily allowance on the basis of grade pay ₹ 8,700 is ₹ 400 per day. In such case, how much amount will be increased in revised T.A. bill ?

(d) When a T.A. bill can be submitted and when the T.A. bill becomes time barred ? Explain with example.

5. (क) अभिदाता की अधिवर्षता की आयु से कितने माह पूर्व सामान्य भविष्य निधि में अभिदान की कटौती बन्द कर दी जाती है ? **2**

(ख) निधि से अंतिम प्रत्याहरण साधारणतया एवं विशेष मामलों में किस सीमा तक स्वीकृत किया जा सकता है ? **8**

(ग) निम्नलिखित विवरण के आधार पर किसी कर्मचारी के जी.पी.एफ. खाते में दिनांक 31-3-2015 को जमा अंतिम अवशेष (Closing Balance) की गणना करें : **22**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | दिनांक 01-04-2014 को खाते में प्रारम्भिक अवशेष | – | ₹ 3,15,000 |
| (2) | वर्ष के दौरान अभिदान | | |
| | माह मार्च 2014 से जुलाई 2014 तक के वेतन से | – | ₹ 3,000 प्रति माह |
| | माह अगस्त 2014 से फरवरी 2015 तक के वेतन से | – | ₹ 4,000 प्रति माह |
| (3) | दिनांक 25-11-2014 को जी.पी.एफ. में जमा की गयी डी.ए. एरियर की धनराशि | – | ₹ 7,000 |
| (4) | दिनांक 20-10-14 को निधि से आहरित किया गया अस्थायी अग्रिम (जिसकी वापसी नवम्बर के वेतन से प्रारम्भ होकर ₹ 2,500 प्रति माह की दर से की जानी है) | – | ₹ 50,000 |
| (5) | ब्याज की दर | – | 8% |

(a) How many months before the date of superannuation, deduction of subscription in G.P.F. is stopped ?

(b) Upto what limit of amount, the final withdrawal from G.P.F. can be sanctioned in ordinary and special circumstances ?

(c) Calculate the Closing Balance (C.B.) as on 31-3-2015 in the G.P.F. account of a government servant on the basis of the following details :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | Opening Balance in the a/c as on 1-4-14 | – | ₹ 3,15,000 |
| (2) | Submission during the year - | | |
| | from the pay of March 2014 to July 2014 | – | ₹ 3,000 p.m. |
| | from the pay of August 2014 to Feb. 2015 | – | ₹ 4,000 p.m. |
| (3) | Amount of D.A. arrear deposited in G.P.F. a/c on 25-11-14 | – | ₹ 7,000 |
| (4) | Temporary advance from the G.P.F. a/c on 20-10-14 (the recovery of which has to be made @ ₹ 2,500 per month beginning from the pay of November 2014) | – | ₹ 50,000 |
| (5) | Rate of interest | – | 8% |

6. (क) उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली 2008 एवं उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति (प्रोक्योरमेंट) संशोधन नियमावली 2015 के अनुसार निम्न में क्या व्यवस्थाएँ थीं / हैं ?

(1) सामग्री के लिए बिना दर सूची (कोटेशन) के क्रय की सीमा। **4**

(2) क्रय समिति के माध्यम से सामग्री क्रय की सीमा। **4**

(3) सीमित निविदा पृच्छा द्वारा अधिप्राप्ति की जाने वाली सामग्री की सीमा। **4**

(4) विज्ञापन द्वारा निविदा पृच्छा। **4**

(5) देश में निविदा द्वारा क्रय किए जाने पर प्रकाशन की तिथि से न्यूनतम समय सीमा। **4**

(ख) उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली के तहत निविदा प्रतिभूति (धरोहर धनराशि) सामान्यत: सामग्री के अनुमानित मूल्य के कितने प्रतिशत तक ली जायेगी ? प्रतिशत का निर्धारण सामग्री के सम्पूर्ण मूल्य पर किस प्रकार होगा ? **12**

(a) What were/are the provisions about the followings in the Uttarakhand Procurement Rules 2008 and Uttarakhand Procurement (Amended) Rules 2015 ?

(1) The limit of purchase without quotation.

(2) The limit of purchase through purchase committee.

(3) The limit of purchase of goods through limited tender enquiry.

(4) Tender enquiry through Advertisement.

(5) Minimum time limit admissibility from the date of publication in case of purchase through tender within country.

(b) At what percent of estimated price of goods, the earnest money will be charged under Uttarakhand Procurement Rules ? How the percentage will be fixed on the total value of goods to be purchased ?

7. (1) छठे वेतनमान के बाद यू.जी.सी. द्वारा शिक्षकों के क्या पद नाम रखे गये हैं ? **3**

(2) शिक्षकों के लिए स्वीकृत पे बैण्ड लिखिए। **3**

(3) पे बैण्ड में अनुमन्य ग्रेड पे को किस नाम से ग्रेड पे कहा गया है ? **3**

(4) प्राध्यापक के पद पर नियुक्ति, पदोन्नति या नामांकन के लिए अनिवार्य योग्यता क्या होनी चाहिए ? **3**

(5) सीधे प्राध्यापक के पद पर नियुक्ति के समय किस पे बैण्ड में न्यूनतम कितना वेतन निर्धारित होगा ? **4**

(6) विश्वविद्यालय के कुलपति का वेतन कितना अनुमन्य है ? **4**

(7) पी.एच.डी. धारक शिक्षक की सीधी नियुक्ति के समय कितनी अग्रिम वेतन वृद्धि अनुमन्य है ? **3**

(8) एम.फिल. डिग्री धारक शिक्षक की सीधी नियुक्ति के समय कितनी अग्रिम वेतन वृद्धि अनुमन्य है ? **3**

(9) सेवा में रहते हुए पी.एच.डी. डिग्री प्राप्त करने पर कितनी अग्रिम वेतन वृद्धि अनुमन्य है ? **3**

(10) सेवा में रहते हुए एम.फिल. डिग्री प्राप्त करने पर कितनी अग्रिम वेतन वृद्धि अनुमन्य है ? **3**

(1) What are the designations given by UGC to teachers after the implementation of 6$^{th}$ Pay Commission Report ?

(2) Write the pay bands sanctioned for the teachers.

(3) What name has been given to grade pay admissible under these pay bands ?

(4) What is the essential qualification for appointment, promotion or designation to the post of Professor ?

(5) What will be the minimum pay and in which pay band at the time of direct appointment to the post of Professor ?

(6) What is the pay admissible to the Vice-Chancellor of the University ?

(7) How many advance increments are admissible at the time of direct appointment to the Ph.D. holder teacher ?

(8) How many advance increments are admissible to an M.Phil degree holder at the time of direct appointment ?

(9) How many advance increments are admissible on obtaining Ph.D. degree during the service ?

(10) How many advance increments are admissible on obtaining M.Phil degree during the service ?

## भाग – ख / PART – B

8. विश्वविद्यालय के कतिपय अधिकारियों द्वारा की जा रही वित्तीय अनियमितता की ओर शासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी की ओर से उत्तराखण्ड शासन के प्रमुख सचिव, वित्त को सम्बोधित एक अर्धशासकीय-पत्र का प्रारूप बनायें। **25**

   Draft a Demi Official letter from Finance Officer of the University to the Principal Secretary, Finance, Government of Uttarakhand drawing the attention of the Government towards financial irregularities being committed by certain officers of the university.

9. विश्वविद्यालय में प्रौद्योगिकी विभाग के लिए दस कम्प्यूटर्स के क्रय के लिए वित्त अधिकारी के माध्यम से कुलपति से स्वीकृति प्राप्त करने हेतु स्टोर क्रय अधिकारी की ओर से प्रस्ताव नोट शीट पर टिप्पणी के रूप में तैयार करें जिस पर वित्त अधिकारी का भी मंतव्य अंकित किया जाय। **25**

   Draft a proposal to be put up as a note on the note sheet from the Store Purchase Officer for obtaining the sanction of Vice-Chancellor through Finance Officer with its comments also for the purchase of ten computers for the Technology Department of the University.

10. विश्वविद्यालय में 2 अक्टूबर, 2015 को गांधी जयंती का आयोजन किया जाना है। इसके लिए विश्वविद्यालय के सभी संकाय सदस्यों एवं स्टाफ को प्रात: 8 बजे अनिवार्य रूप से प्रशासनिक भवन के समक्ष उपस्थित होने के लिए कुल सचिव की ओर से एक कार्यालय आदेश का प्रारूप बनायें जिसका पृष्ठांकन कुलपति को भी हो। **25**

    Gandhi Jayanti is to be celebrated in the University on 2nd October, 2015. Draft an Office Order by Registrar, requiring all the Faculty Members and Staff to be present compulsorily in front of Administrative Building at 8 a.m., the endorsement of which is also to be made to the Vice-Chancellor.

---